>

Title: Need to ensure proper utilization of funds under Background Region Grant Fund and check their diversion to other schemes in Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): बैकवर्ड रीजन ग्रांट फंड भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से पिछड़े इलाकों में समग्र विकास का पांच वर्ष की कार्य योजना एकमुश्त स्वीकृत होने के बाद प्रति वित्त वर्ष में उक्त योजना हेतु आबंटन राज्य सरकार के माध्यम से जिलों में जारी किया जाता है। किंतु, मध्य प्रदेश में वित्त वर्ष 2010-11 हेतु आज तक जिलों में राशि प्राप्त नहीं हुई है जबकि केन्द्र सरकार ने इस बाबत समुचित राशि राज्य सरकार को जारी कर दी है। भारत सरकार द्वारा कई बार मध्य प्रदेश सरकार को यह निर्देश भी जारी किये जा चुके हैं कि केन्द्रीय योजनाओं के मापदण्डों में कोई फेरबदल न किया जाये और न ही केन्द्र से प्राप्त आबंटन को किसी अन्य योजना में व्यय किया जाये।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह यह सुनिश्चित करे कि मध्य प्रदेश के पिछड़े जिलों के विकास हेतु उपरोक्त फंड के तहत जो राशि निर्गत की गई है, उसकी उपयोगिता इन क्षेत्रों में विकास कार्य में हो और योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि का किसी अन्य प्रयोजन हेतु इस्तेमाल न हो।